# समाचार

## मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

## 10 अप्रैल को वार्ड क्र. 09, 12, 31, 34, 47, 51, 56, 62 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

(अब तक 793 शिविरों के माध्यम से की गई 40756 लोगों की जांच एवं मुफ्त में इलाज)



कोरबा 09 अप्रैल 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 10 अप्रैल शनिवार को वार्ड क्र. 09, 12, 31, 34, 47, 51, 56, 62 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 793 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 40756 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम केरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है, वहीं अब तक निगम क्षेत्र में 793 शिविरों के माध्यम से 40756 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया।

**शनिवार 10 अप्रैल को इन स्थानों पर पहुंचेगी मेडिकल यूनिट–** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 अप्रैल 2021 शनिवार को वार्ड क्र. 09 कर्रानाला सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 12 शारदा विहार चिमनीभट्ठा, वार्ड क्र. 31 दादरखुर्द जगन्नाथ मंदिर के पास, वार्ड क्र. 34 बेलगरी बस्ती, वार्ड क्र. 47 गोपालपुर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 51 केंदईखार, वार्ड क्र. 56 पंखादफाई सेंदरीदफाई, वार्ड क्र. 62 जेलपारा चुनचुनीपारा नरईबोध के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा प्रातः 08 बजे से अपरांह 03 बजे तक लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।